# बिहार ।–धान–सभा वादवृत्त

बुधवार, तिथि 27 जून, 1990 ई०

(भाग–1 कार्यवाही प्रश्नोंत्तर)

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान–सभा का कार्य–विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में बुधवार तिथि 27 जून, 1990 ई० को पूर्वाहन 11.00 बजे सभापति, **श्री गुलाम सरवर** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

चन्द्रशेखर शर्मा,
सचिव,
बिहार विधान–सभा

पटना
तिथि 27 जुलाई, 1990 ई०

---

## तारांकित प्रश्न संख्या 108 के सम्बन्ध में चर्चा

**श्री वृषिण पटेल :** यह प्रश्न जल संसाधन विभाग से संबंधित है, इसलिये जल संसाधन विभाग को हस्तान्तरित कर दिया गया है ।

**उपाध्यक्ष :** यह प्रश्न जल संसाधन विभाग से संबंधित है, इसलिये जल संसाधन विभाग में ट्रांसफर कर दिया गया है ।

---

## तारांकित प्रश्नोत्तर

### सड़क की मरम्मत

**109. श्री गुरुदास चटर्जी :** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह सही है कि पटना स्थित वीरचन्द पटेल पथ से अमरनाथ रोड, अदालतगंज रोड होकर बुद्ध मार्ग तक आधा किलोमीटर सड़क जर्जर अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना रेलवे स्टेशन से वीरचन्द पटेल पथ स्थित विधायक आवास, हाईकोर्ट, इनकम टैक्स दफ्तर, रेवेन्यू बिल्डिंग, नया सचिवालय वीमेंस कॉलेज, राजभवन, पुनाईचक और बोरिंग रोड आदि महत्वपूर्ण स्थानों में जाने की कम-से-कम दूरी वाली यह एकमात्र सड़क है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के जर्जर अवस्था में हो जाने से सवारियों और यात्रियों की आवागमन में कठिनाई होती है;